# कार्यवृत्त

दिनांक 26 अक्टूबर, 2015 को श्री राकेश शर्मा, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड सरकार/अध्यक्ष संचालन समिति–उत्तराखण्ड कैम्पा की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड कैम्पा की 10वीं संचालन समिति की बैठक में निम्न सदस्यगण/प्रतिनिधि उपस्थित रहे –

1. श्री अमित नेगी, सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
2. श्रीमती मीनाक्षी जोशी, अपर सचिव, वन एवं पर्यावरण, उत्तराखण्ड शासन।
3. डा0 रंजीत सिन्हा, अपर सचिव, नियोजन, उत्तराखण्ड शासन।
4. डा0 श्रीकान्त चन्दोला, प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
5. श्री एस0टी0एस0 लेप्चा, अपर प्रमुख वन संरक्षक, वन संरक्षण/नोडल अधिकारी, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, देहरादून उत्तराखण्ड।
6. श्री डी0बी0एस0 खाती, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड।
7. श्री सुशांत पटनायक, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा।
8. श्री डी.सी. पाण्डे, उप निदेशक, सांख्यिकी, प्रतिनिधि कार्यालय अ.प्र.व.सं., नियोजन एवं वि.प्र.।

उक्त सदस्यगणों के अतिरिक्त बैठक में श्रीमती बीना शेखरी, प्रमुख वन संरक्षक, परियोजनाएं, विशेष आमंत्री के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व निर्धारित एजेण्डावार विन्दुओं पर विस्तृत चर्चा व विमर्श हुआ। उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा बैठक का संचालन किया गया, जिसमें एजेण्डा विन्दुवार निम्न प्रकार चर्चा के उपरान्त निर्णय हुआ।

**एजेण्डा विन्दु सं0 10.1–**

संचालन समिति की 9वीं बैठक दिनांक 27–06–2015 का कार्यवृत्त का अवलोकन व पुष्टि समिति द्वारा की गयी।

**एजेण्डा विन्दु सं0 10.2–**

संचालन समिति की 9वीं बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार बिन्दुवार अनुपालन आख्या का विवरण समिति द्वारा अवलोकन किया गया।

**एजेण्डा विन्दु सं0 10.3–**

समिति को अवगत कराया गया कि संचालन समिति की 9वीं बैठक दिनांक 27–06–2015 में पारित वार्षिक कार्ययोजना के प्रस्ताव के अनुसार कुल प्राविधानित धनराशि ₹ 18528.24 लाख के सापेक्ष उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा विभिन्न कार्यान्वयन अभिकरणों को ₹ 15056.06 लाख धनराशि अवमुक्त की गयी है। कार्यन्वयन अभिकरणों से प्राप्त प्रगति रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 30 सितम्बर 2015 की अवधि तक अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कुल व्यय की धनराशि ₹ 4491.97 लाख है। बैठक में मुख्य सचिव महोदय द्वारा निम्न निर्देश दिये गये –

- अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय में प्रगति लायी जाय।

- उत्तराखण्ड कैम्पा में उपलब्ध अवशेष धनराशि ₹ 10295.70 लाख का उपयोग 9वीं बैठक के पारित ए.पी.ओ. के अवशेष को छोड़ते हुए वृहद योजना तैयार कर प्रोजेक्ट मोड में किया जाय। भविष्य में भौतिक लक्ष्य का आवंटन प्रभागवार/वृत्तवार अंकित न करते हुए प्राजेक्ट मोड में चिन्हित कार्य/क्षेत्रवार किया जाय। ऐसा करने से अब तक उपयोग किए जा रहे वार्षिक कार्ययोजना के घटकों/कार्यमदों को तद्नुसार पुनः निर्धारित किये जाये।
- वार्षिक कार्ययोजना में जिन प्रोजेक्ट/कार्यों को चिन्हित किया जाय, उन कार्यों के लिए धनराशि की यथासम्भव अन्य किन्ही स्रोतों से मांग न की जाय। वन विभाग के रूटीन कार्यो के लिए धनराशि की मांग राज्य सेक्टर/केन्द्र पोषित योजनाओं से ही पूर्ति की जाय।
- NPV कार्य मद में केवल अवस्थापना विकास/आधुनिकीरण से सम्बन्धित कार्य, मानव–वन्यजीव संघर्ष के न्यूनीकरण से सम्बन्धित कार्य, वन मोटर मार्गों का सुदृढ़ीकरण तथा राज्य में स्थित चिड़ियाघरों के विकास/सुदृढ़ीकरण से सम्बन्धित कार्यों को वार्षिक कार्ययोजना में प्राथमिकता पर सम्मिलित किया जाय।
- हरेला आदि कार्यक्रमों में रोपित पौधों को कैम्पा कार्य के लक्ष्य के रूप में वार्षिक कार्ययोजना में सम्मिलित कर लिया जाय।
- संरक्षित क्षेत्र कार्यमद में अस्कोट वन्यजीव विहार तथा गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान एवं अन्य दूरस्थ क्षेत्रों के वन मार्गों के सुधार कार्यों को प्राथमिकता के साथ वार्षिक कार्ययोजना में सम्मिलित किया जाय।
- उत्तराखण्ड कैम्पा निधि से कराये गये कार्यों के Visibility तथा Impact को सुनिश्चित करने की दिशा में विशेषकर जन–प्रतिनिधियों तथा मा0 मुख्यमंत्री/मा0 वन मंत्री जी द्वारा चिन्हित ऐसे वृहद/जन–कल्याणकारी कार्यों को वार्षिक कार्ययोजना में प्राथमिकता के साथ सम्मिलित किया जाय जिनसे वनों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होता है।

**<u>एजेण्डा विन्दु सं0 10.4–</u>**

कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 26–09–2015 के द्वारा प्रस्तावित कार्यों को संशोधित करते हुए समिति द्वारा निम्न प्रस्तावों को वर्ष 2015–16 की पुनरीक्षित वार्षिक कार्ययोजना में सम्मिलित करने की दिशा में सहमति व्यक्त की गयी–

| S. No. | Implementating Agencies | Head | Component | Additional demand for 2015-16 (Rs in Lacs) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Narendra Nagar Forest Division | 1.NPV | Elephant proof Stone/Concrete Wall at critical boundaries | 180.00 | |
| 2. | Haridwar, Garhwal, Nainital, Tehri, Almora, Dehradun & Others | 1.NPV | Addl demand for tackling Monkey menace, capture, rescue, Training/ sterilization | 500.00 | |
| 3. | PCCF, Project | 1.NPV | Addl demands for dovetailing of State share of Green India Mission | 700.00 | 7 Crore For GIM |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | **DFO, Dehradun**<br>**DFO Tarai East**<br>**DFO Tarai West**<br>**DFO Haldwani** | 4. Others | River Training Works & Demarcation | 150.00<br>700.00<br>110.00<br>50.00 | These funds are 25% of funds deposited in Adhoc CAMPA |
| 5. | **DFO Nandadevi**<br>**DFO Gangotri NP** | 4. Others | Muck Disposal, Demarcation, WL Management | 50.00<br>210.00 | |
| 6. | **PCCF (HoFF)** | 1.NPV | Contingencies | 200.00 | |
| 7. | **CEO CAMPA** | 1.NPV | 'Unnat Chulha' | 150.00 | |
| | | | **Total of Addl.** | **3000.00** | |

उक्त के अतिरिक्त प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव एवं अन्य स्तर से प्राप्त महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी चर्चा उपरान्त समिति द्वारा निम्न प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त की गयी :–

| **S. No.** | **Implementing Agencies** | **Head** | **Component** | **Proposed provision for 2015-16 (Rs. in lakhs)** | **Remarks (Rs. in lakhs)** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | Dehradun Division | 1.NPV | Add. Proposal for Malsi Deer Park, Rapid Response Team, Tranquilizing Unit. | 1200.00 | |
| **2.** | Tarai East F.D. | 1.NPV | Add. Proposal for Haldwani Zoo, | 50.00 | Total provision of Satellite Zoo Project approved for 2000.00 |
| **3.** | Chief Wildlife Warden | 1.NPV | Add. Proposal for Corbett Tiger Safari. | 300.00 | Total provision of Tiger Safari Project approved for 2500.00 |
| 4. | Chief Wildlife Warden | 1.NPV | Cost & other exp. of Elephant Transportation (Karnataka to Uttarakhand) | 50.00 | |
| | | | Breeding Centre for herbivores | 100.00 | Project approved for total 400.00 |
| | | | Reptile Park, Marchula | 100.00 | |
| | | | Eco Tourism (Soni) | 100.00 | Project approved for total 400.00 |
| 5. | (PCCF HoFF) | | **Flagship schemes of Hon'ble Chief Minister** | | |
| | | | • Creation of water bodies | 500.00 | Total project of 1000.00 approved |
| | | | • Wild boar proof fencing | 200.00 | Total project of 1000.00 approved |
| 6. | | | **Strengthening of important forest roads** | | |
| | DFO, Dehradun | | Itharna-Aruwala in Bhogpur RF | 150.00 | |
| | DFO, Dehradun | | Thano-Jollygrant | 100.00 | |
| | DFO, Pithoragarh | | Baram-Kanar | 100.00 | |
| | DFO, Pithoragarh | | Chami-Martoli | 100.00 | |
| | DFO, Kedarnath | | Chaumasi-Rambana | 100.00 | |
| | DFO SC Kalsi | | Forest Road | 24.00 | MLA Vikasnagar |
| | Other Divisions | | Misc. Forest roads | 200.00 | Hon'ble Forest Minister's proposals |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | DFO, Dehradun | | Modernization of H.Q. Building | 150.00 | |
| | | | **Total of New Demand** | **3524.00** | |
| | | | **Grand Total** | **6524.00** | |

उक्त प्रस्तावों के सम्बन्ध में इनके विस्तृत परियोजना प्रस्तावों के प्राप्त होने के उपरान्त इन्हें वर्ष 2015–16 की कार्ययोजना में सम्मिलित करते हुए, पुनरीक्षित कार्ययोजना के अनुसार फील्ड स्तर पर कार्य सम्पादित कराये जाने का निर्णय लिया गया।

**एजेण्डा विन्दु सं0 10.4**–

उप मुख्यकार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड कैम्पा की वर्ष 2014–15 की बैलेंस सीट संकलित की जा चुकी है एवं इसकी सी0ए0 फर्म K.W. Jain & Company द्वारा ऑडिट रिपोर्ट तैयार कर, इसकी आयकर विवरणी आयकर विभाग में जमा करा दी गयी है। सदस्यगण उपरोक्त से अवगत हुए एवं बैलेंस सीट का अनुमोदन प्रदान किया गया।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति लेते हुए धन्यवाद सहित बैठक की समाप्ति की घोषणा की गयी।

अनुमोदित

(सुशांत पटनायक)
उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
उत्तराखण्ड कैम्पा

(राकेश शर्मा)
मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं
अध्यक्ष–संचालन समिति, उत्तराखण्ड कैम्पा

## उत्तराखण्ड प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबन्धन एवं नियोजन प्राधिकरण उत्तराखण्ड कैम्पा)
वन मित्र कॉल सेंटर– 920 800 8000

5 पंशील पार्क, चकराता रोड़, बसन्त विहार एन्कलेव, देहरादून, दूरभाष/फैक्स : 0135–2761077 ई–मेलः ceocampa-forest-uk@nic.in,
Website : www.ukcampa.org.in

पत्रांक– 518(1)/13–2(10)/2015–16 दिनांक, देहरादून, 26 नवम्बर, 2015

**प्रतिलिपिः–**

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष–संचालन समिति, उत्तराखण्ड के अवलोकनार्थ।
2. वन महानिरीक्षक, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी–एडहॉक कैम्पा, भारत सरकार, सी॰जी॰ओ॰ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली।
3. प्रमुख सचिव, वन एवं पर्यावरण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
4. प्रमुख सचिव–नियोजन, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
5. सचिव–वित्त, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
6. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. प्रमुख वन संरक्षक, वन पंचायत, उत्तराखण्ड ।
8. मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड ।
9. प्रमुख वन संरक्षक, नियोजन एवं वित्तीय प्रबन्धन, उत्तराखण्ड देहरादून।
10. अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड देहरादून।

उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी
उत्तराखण्ड कैम्पा

पत्रांकः–518(1)(2)/13–2(10)/2015–16 दिनांकित।

**प्रतिलिपि :–**

1. प्रमुख वन संरक्षक, परियोजनाएं, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. समस्त अपर प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
3. समस्त मुख्य वन संरक्षक, उत्तराखण्ड ।
4. निदेशक, राज्य योजना आयोग, उत्तराखण्ड शासन।
5. समस्त वन संरक्षक/निदेशक, उत्तराखण्ड।
6. वित्त नियंत्रक, वन विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. समस्त प्रभागीय वनाधिकारी/उप निदेशक/वन वर्धनिक, उत्तराखण्ड।
8. अनुभाग अधिकारी, वन एवं पर्यावरण अनुभाग–2, उत्तराखण्ड शासन।

उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी
उत्तराखण्ड कैम्पा